चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8811
दिनांक : 18.05.2024

<u>अति–आवश्यक</u>

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
समस्त महाविद्यालय/विभाग/संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक : 144/ई–2/रोजगार संगम/पोर्टल/2021, दिनांक 15/03/2024 के निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि रोजगार आयोग उ0प्र0 के आदेशानुसार एवं वर्तमान परिवेश की आवश्यकता के फलस्वरूप युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल – ROJGAAR SANGAM.UP.GOV.IN का विकास कराया गया है। उपरोक्त के क्रम में समस्त सरकारी अथवा निजी महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों (स्नातक/स्नातकोत्तर) का पंजीकरण एकीकृत पोर्टल पर कराया जाना है तथा साथ ही संस्थान में अध्ययनरत अंतिम वर्ष के छात्र/छात्राओं का पंजीकरण जॉब सीकर के रूप में प्रतिवर्ष संस्थानों के माध्यम से कराया जायेगा।

उपर्युक्त पर कार्यवाही किया जाना युवाओं के भविष्य के दृष्टिगत अत्यन्त आवश्यक है इसलिए समस्त प्राचार्यों/विभागाध्यक्षों/निदेशकों से अनुरोध है कि उपर्युक्त पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने जनपद के जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराना सुनिश्चित करें। कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

for **कुलसचिव**

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :–

01. समन्वयक–प्लेसमेंट सैल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट।
06. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
07. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र/सूचना पट।

18/05

उप कुलसचिव (परीक्षा)